सेंट्रल वेली रीजनल वाटर क्वालिटी कंट्रोल बोर्ड (Central Valley Regional Water Quality Control Board)

सार्वजनिक सूचना:
प्रस्तावित पेट्रोलियम भूतल भंडारण टैंक केस क्लोजर

सार्वजनिक टिप्पणी अवधि: 22 अप्रैल से 21 जून 2024 (60 दिन)

QUESTION MARKET; 973 N. TOWNSHIP ROAD, YUBA CITY, SUTTER COUNTY; LUST केस #510094, ग्लोबल ID #T0610100086

सेंट्रल वेली रीजनल वाटर क्वालिटी कंट्रोल बोर्ड (सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड) Yuba City, CA (प्रॉपर्टी) में 973 N. Township Road पर स्थित, कवेश्चन मार्किट (Question Market) में रिस रहे भूतल भंडारण टैंक (UST) केस के प्रस्तावित केस क्लोजर पर सार्वजनिक टिप्पणी को आमंत्रित करती है। जांच क्षेत्र और भूजल पर पेट्रोलियम के प्रभाव की बाकी मौजूदा मात्रा को दिखाने वाला मानचित्र, चित्र 1 के रूप में संलग्न है।

प्रॉपर्टी को इस समय सुविधा स्टोर के रूप में चलाया जा रहा है। 1999 में पूर्व प्रॉपर्टी मालिक ने प्रॉपर्टी से दो, 1,000-गैलन गैसोलाइन UST को हटा दिया था। UST के नीचे मिट्टी में पाई गई गैसोलाइन ने दर्शाया कि USTs का रिसाव हुआ था। 2001 और 2016 के बीच में, पूर्व प्रॉपर्टी मालिक और उनके भिन्न सलाहकारों ने, मिट्टी में गैसोलाइन और प्रॉपर्टी के नीचे भूजल की मात्रा का मूल्यांकन करने के लिए कुल 16 भूजल निरीक्षण कुएं और उन्नत 27 बोरिंग्स इंस्टॉल किए थे। पूर्व मालिक ने दूषित भूजल और प्रॉपर्टी के नीचे जमीन से गैसोलाइन वाष्पों को हटाने के लिए आठ उपचार कुएं भी इंस्टॉल किए थे। इन सफाई प्रयासों से प्रॉपर्टी के नीचे से कुल 4,900 पाउंड गैसोलाइन और 3 मिलियन से अधिक गैलन दूषित भूजल हटाया गया था।

सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड के स्टाफ ने ने निष्कर्ष निकाला है कि जमीन में गैसोलाइन की बाकी मात्रा, मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण या प्रॉपर्टी में भविष्य में होने वाली गतिविधियों के लिए खतरा उत्पन्न नहीं करती है। प्रॉपर्टी के नीचे और आसपास भूजल में बाकी गैसोलाइन उचित समय पर कुदरती रूप से नष्ट हो जाएगी। कम खतरा होने के कारण, सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड का स्टाफ, कैलिफोर्निया की कम-खतरा UST केस समाप्ति नीति (Low-Threat UST Case Closure Policy) के तहत केस समाप्ति की सिफारिश करता है। सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड का स्टाफ केस समाप्त करने से पहले सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा।

अधिक जानकारी के लिए

आप अतिरिक्त जानकारी स्टेट वाटर रिसोर्सिज कंट्रोल बोर्ड (State Water Resources Control Board) की जियोट्रैकर (GeoTracker) वेबसाइट (https://geotracker.waterboards.ca.gov/) से प्राप्त कर सकते हैं। यदि इस सार्वजनिक सूचना के बारे में या कवेश्चन मार्किट (Question Market) में पर्यावरणीय साफ-सफाई संबंधी गतिविधियों के बारे में आपकी कोई टिप्पणियां या सवाल हैं, तो कृपया सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड के एलन एम. ब्यूलर (Alan M. Buehler) से संपर्क करें:

एलन एम. ब्यूलर (Alan M. Buehler)
सेंट्रल वेली रीजनल वाटर क्वालिटी कंट्रोल बोर्ड (Central Valley Regional Water Quality Control Board)
11020 Sun Center Drive, Suite 200
Rancho Cordova, CA 95670
(916) 464-4615
alan.buehler@waterboards.ca.gov

भाषा संबंधी सेवाएं

यह नोटिस अंग्रेजी और स्पेनिश में उपलब्ध है। प्रस्तावित पब्लिक वर्क्स केस क्लोजर के संबंध में लिखित दस्तावेज के अनुवाद या वाटर बोर्ड के स्टाफ से संपर्क करने के लिए दुभाषियों सेवाओं का निवेदन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित में से एक विकल्प का प्रयोग करें:

- ऑनलाइन भाषा सेवा निवेदन (https://bit.ly/RequestLanguageServices) प्रस्तुत करें।
- जन भागीदारी कार्यालय (Office of Public Participation) को (916) 341-5254 पर फोन करें।
- जन भागीदारी कार्यालय (Office of Public Participation) को OPP-languageServices@Waterboards.ca.gov पर ईमेल करें।

सुनने में परेशानी से पीड़ित लोगों को नोटिस

TDD उपयोगकर्ता जन भागीदारी विशेषज्ञ से संपर्क करने के लिए कैलिफोर्निया रिले सर्विस (California State Relay Service) (800) 735-2929 का प्रयोग करके साइट के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कवेश्चन मार्किट (Question Market) के प्रस्तावित UST केस क्लोजर के लिए सार्वजनिक सूचना के संबंध में उन्हें सेंट्रल वेली वाटर बोर्ड को (916) 464-3291 पर संपर्क करने के लिए कहें।

संलग्न वस्तुएं

चित्र 1: साइट मानचित्र, जो पानी की गुणवत्ता के उद्देश्यों से ऊपर भूजल पर पेट्रोलियम के प्रभाव की बाकी मौजूदा मात्रा को दिखाता है